Fourteenth Loksabha

Session : 9
Date : 12-12-2006
Participants : Ahir Shri Hansraj Gangaram

an>

Title: Regarding slow progress of construction works being undertaken by the Border Roads Organization in Naxalite affected areas of the Country.

श्री हंसराज जी. अहीर (चन्द्रपुर) :अध्यक्ष महोदय, देश के नक्सल प्रभावित क्षेत्रों में सीमा सड़क संगठन द्वारा रोड्स के विकास कार्य किये जाते हैं। इसी तरह महाराट्र के कुछ रोड्स के विकास कार्य केन्द्रीय सीमासड़क संगठन द्वारा किये जा रहे हैं, जो एक पैरामिलिट्री संगठन है। लेकिन हाल ही में उनके द्वारा हमें एक पत्र मिला है कि नक्सली मूवमैंट बढ़ने के कारण रोड्स के विकास कार्यों में दिक्कतें आ रही हैं। सीमा सड़क संगठन द्वारा केन्द्र सरकार से विनती करके सुरक्षा बलों की मांग भी की गयी है।

मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करना चाहता हूं कि महाराट्र के सिरोंचा-भामरागढ़ क्षेत्र में नैशनल हाईवे 16 का जो कार्य चल रहा है, उस कार्य को गति देने के लिए आपके द्वारा सीमा सड़क संगठन को सुरक्षा बल की आपूर्ति की जाये।